# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–02 अक्टूबर 2025 सान्ध्य समाचार

बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अन्याय पर न्याय की विजय का पर्व विजयादशमी आज प्रदेश भर में हर्षोल्लास के वातावरण में परम्परागत ढंग से धूमधाम से मनाया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न भागों में विशेष रूप से ग्रामीण अंचलों में आज दशहरा मेलों के आयोजन किए गये हैं। इन मेलों में बुराई, अन्याय और अनाचार के प्रतीक रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाद के पुतले जलाए जा रहे है। विभिन्न स्थानों पर आयोजित रामलीला में भी आज रावण वध के प्रसंग का मंचन हो रहा है। गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में आज परंपरागत विजय शोभा यात्रा निकाली गयी। इसका नेतृत्व गोरक्षपीठाधीश्वर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इस अवसर पर गोरखनाथ मंदिर मे विविध आनुष्ठानिक आयोजन हुए। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को विजय दशमी की शुभकामनाएं दी हैं।

**********

देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मना रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के सभी जिलों में दोनो महापुरूषों के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए उन्हें भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखनाथ मंदिर में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर श्री योगी ने देश के लिए उनके अविस्मरणीय योगदान को याद करते हुए कहा कि केन्द्र और प्रदेश की सरकार बापू और शास्त्री के सपनों को साकार कर रही है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से घोषित जीएसटी भारत उत्सव पिछले महीने की बाइस तारीख से शुरू हुआ और इससे समाज के हर वर्ग को लाभ हो रहा है। अगली पीढी के जीएसटी सुधारों से भारत की अप्रत्यक्ष कर–प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में नया अध्याय शुरू हुआ है। कृषि मशीनरी और उर्वरकों पर जीएसटी सुधारों के प्रभावों पर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के तहत सरकार ने किसानों पर वित्तीय बोझ काम करने, ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने और आवश्यक कृषि उपकरणों को और अधिक किफायती बनाने के लिए जीएसटी में कटौती की है। स्प्रिंकलर, ड्रिप सिंचाई प्रणाली, कटाई मशीनरी और छोटे डीजल इंजन जैसे कृषि उपकरणों पर जीएसटी को पहले के 12 प्रतिशत कर स्लैब से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी प्रकार जैव कीटनाशकों और कई सूक्ष्म पोषक तत्वों पर जीएसटी 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके साथ ही अमोनिया, सल्फ्यूरिक एसिड और नाइट्रिक एसिड जैसे उर्वरकों पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। सस्ते उर्वरक और कृषि मशीनें उत्पादकता को बढ़ावा देंगे। जिससे भारतीय कृषि मजबूत और आत्मनिर्भर बनेगी। सौम्या शरण आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

**********

सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में परिवर्तन और प्रगति लाने के अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला – 'सेवा पर्व' में, हम आपको बताएगें कि कैसे मोदी सरकार ने नक्सल मुक्त भारत का मार्ग प्रशस्त किया है।

**पिछले 11 वर्षों में नरेंद्र मोदी सरकार ने वामपंथी उग्रवाद को कतई बर्दाशत न करने की नीति अपनाई है। सरकारी योजनाओं के शत–प्रतिशत क्रियान्वयन के साथ, सरकार वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों का पूर्ण विकास करना चाहती है। मोदी सरकार ने वामपंथी उग्रवाद से निपटने के लिए दो प्रमुख नियम बनाए हैं। पहला, नक्सल प्रभावित इलाकों में हिंसा को समाप्त करने के लिए कानून–व्यवस्था लागू करना। और दूसरा, वर्षों से जारी नक्सलवादी गतिविधियों के कारण विकास की दौड में पिछड गये क्षेत्रों में तेजी से विकास करना। नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास के लिए, बजट आवंटन में 300 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। मोदी सरकार के प्रयासों से 2004 से 2014 की अवधि की तुलना में नक्सली हिंसा की घटनाओं में 53 प्रतिशत की कमी आई है। सुरक्षा बलों के हताहत होने की संख्या में भी 73 प्रतिशत की कमी आई है। भारत सरकार ने अगले वर्ष 31 मार्च तक नक्सलवाद को पूरी तरह से समाप्त करने का लक्ष्य रखा है। अनुपम मिश्रा की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से जागृति शर्मा।**

**********

सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पद्म विभूषण पंडित छन्नूलाल मिश्र का आज सुबह मीरजापुर में निधन हो गया। इक्यानबे वर्षीय श्री मिश्र बीते कुछ दिनों से गंभीर रूप से बीमार चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार वाराणसी में किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शास्त्रीय गायक पंडित छन्नूलाल मिश्र के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

**********

प्रदेश के सभी पूर्वी जिलों में कल देर रात से आज सुबह तक गरज चमक के साथ हुई भारी वर्षा से तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। इसके चलते मौसम सुहाना हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार वर्षा की वायुमंडलीय परिस्थितियां बनी हुई हैं। अगले चौबीस घंटे में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने का पूर्वानुमान है।

**********